Dir No. 1253
8/9/17

1.9.17

स्पीड–पोस्ट

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
## लखनऊ – 226027

संख्याःजी–2889 / जी०एस०
दिनांकः 31 अगस्त, 2017

प्रेषक,

उप सचिव,
राज्यपाल सचिवालय,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
इलाहाबाद संग्रहालय,
इलाहाबाद।

विषय : दिनांक 28 अगस्त, 2017 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' एवं इसकी 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्य–वृत्त के अनुमोदन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याःएएमएस / ईसी–सोसाइटी / 2017–18, दिनांक 28 अगस्त, 2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस संबंध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय राज्यपाल / अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति द्वारा उक्त बैठकों के कार्य–वृत्त को आवश्यक संशोधनोपरांत अनुमोदित करते हुए उस पर हस्ताक्षर कर दिये गये हैं।

तद्नुसार माननीय राज्यपाल / अध्यक्ष महोदय द्वारा हस्ताक्षरित कार्यवृत्त मूल रुप में संलग्न कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

( नवीन चन्द्र )
अनु सचिव।

संलग्नकःयथोपरि।

Scanned by CamScanner

# इलाहाबाद संग्रहालय

## इलाहाबाद संग्रहालय समिति की 28 अगस्त 2017 को पूर्वाह्न 11 बजे राजभवन, लखनऊ में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे–

1. श्री राम नाईक – अध्यक्ष
   माननीय राज्यपाल, उ.प्र.,
   राजभवन, लखनऊ
2. सुश्री शेफाली शाह – सदस्य
   संयुक्त सचिव, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय
   भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली
3. प्रो. डी.एन. त्रिपाठी, – सदस्य
   'लीला निलयम', 99–ए, इन्दिरा नगर,
   पो.– शिवपुरी, गोरखपुर
4. प्रो. विदुला जायसवाल, – सदस्य
   गणपति अपार्टमेंट, 809, नगवा,
   वाराणसी
5. डा. चितरंजन पण्डा, – सदस्य
   (अवकाश प्राप्त निदेशक, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल)
   165–ए, जोधपुर पार्क, कोलकता–700068
6. प्रो. शबाहत हुसैन, 4/465, शराफत लॉज, – सदस्य
   निकट– अकबर मार्केट, सिविल लाइन्स, अलीगढ़–202 002
7. प्रो. के.के. थपलियाल, – सदस्य
   (पूर्व अध्यक्ष, प्रा. इ., पुरातत्त्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय),
   बी–1/18–1, सेक्टर–के, अलीगंज हाउसिंग स्कीम,
   लखनऊ
8. डॉ. ए.के. सिंह, – सदस्य
   निदेशक, संग्रहालय निदेशालय, बनारसी बाग,
   लखनऊ, उत्तर प्रदेश
9. श्री आर. एन. मिश्र, संयुक्त निदेशक, – सदस्य
   कोषागार एवं पेंशन, इलाहाबाद मण्डल,
   इन्दिरा भवन, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद
10. श्री राजेश पुरोहित – सदस्य–सचिव
    निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद।

वित्तीय सलाहकार, भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, संयुक्त सचिव (नीति), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली, डा. नाज रिज़वी, निदेशक, नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री, (नामिती, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय), बाराखम्बा रोड, तानसेन मार्ग जंक्शन, मण्डी हाउस, नई दिल्ली–110001 एवं श्री आशीष गोयल, मंडलायुक्त, इलाहाबाद मण्डल, इलाहाबाद उपर्युक्त बैठक में अनुपस्थित थे।

रा. पुरोहित

Scanned by CamScanner

संग्रहालय के निदेशक श्री राजेश पुरोहित ने बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय श्री राम नाईक का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का परिचय कराया। तत्पश्चात् प्रस्तावों पर कार्यवाही प्रारम्भ हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

प्रस्ताव सं.1. <u>दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।</u>

29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

प्रस्ताव सं.2. <u>दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा।</u>

दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक में लिए गए निर्णयों के सन्दर्भ में इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा को नोट किया गया। तदुपरान्त 29 मार्च 2016 को सम्पन्न 'इलाहाबाद संग्रहालय समिति' की बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.3. <u>दिनांक 29 मार्च 2016 एवं 24 दिसम्बर 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।</u>

दिनांक 29 मार्च 2016 एवं 24 दिसम्बर 2016 को सम्पन्न 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.4. <u>दिनांक 19 दिसम्बर 2016 एवं 23 जून 2017 को आहूत 'वित्त-समिति' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण करना।</u>

दिनांक 19 दिसम्बर 2016 एवं 23 जून 2017 को आहूत 'वित्त-समिति' के बैठक की कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गई।

प्रस्ताव सं.5. <u>इलाहाबाद संग्रहालय के वर्तमान भूखंड के फ्री-होल्ड विषयक प्रस्ताव का अनुमोदन।</u>

समिति ने यह निर्णय लिया कि इलाहाबाद संग्रहालय के वर्तमान भूखंड के फ्री-होल्ड विषयक सम्पूर्ण औचित्य सहित तर्कसंगत प्रस्ताव सीधे उ.प्र. शासन के संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए, जिसकी एक प्रति सूचनार्थ माननीय राज्यपाल, उ.प्र. एवं अध्यक्ष, इलाहाबाद संग्रहालय समिति को भी पृष्ठांकित किया जाय।

प्रस्ताव सं.6. <u>इलाहाबाद संग्रहालय एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य किए गए एम.ओ.यू.-2017-18 (Memorandum of Understanding for the year 2017-18) की सूचना ग्रहण कर अनुमोदन विषयक प्रस्ताव।</u>

इलाहाबाद संग्रहालय एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य किए गए एम.ओ.यू.-2017-18 (Memorandum of Understanding for the year 2017-18) को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निदेशित किया गया कि वांछित आंकलनों को के.लो.नि.वि. से प्राप्त कर कार्यों पर समयबद्ध एवं शीघ्र कार्रवाई की जाय।

रा.पुरोहित

Scanned by CamScanner

**प्रस्ताव सं.7 इलाहाबाद संग्रहालय के 'वार्षिक प्रतिवेदन–2016–17' एवं 'वार्षिक लेखा वर्ष 2016–17' का अनुमोदन कर अंगीकार (Adopt) करना।**

इलाहाबाद संग्रहालय के 'वार्षिक प्रतिवेदन–2016–17' एवं 'वार्षिक लेखा वर्ष 2016–17' का अनुमोदन किया तथा यह निर्णय लिया गया कि संग्रहालय के वार्षिक लेखा की पृथक–लेखा रिपोर्ट महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त होने के उपरान्त यह विषय परिपत्र के माध्यम से या बैठक के माध्यम से जो भी पहले हो अनुमोदनोपरान्त अंगीकार (Adopt) करने हेतु प्रस्तुत किया जाय।

**प्रस्ताव सं.8. इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा निकोलस रोरिक की यात्रा–प्रदर्शनी का 'नेशनल गैलरी ऑफ माडर्न आर्ट', मुम्बई में आयोजित किए जाने की सूचना ग्रहण करना।**

इलाहाबाद संग्रहालय द्वारा निकोलस रोरिक की यात्रा–प्रदर्शनी का 'नेशनल गैलरी ऑफ माडर्न आर्ट', मुम्बई में आयोजित किए जाने की सूचना समिति द्वारा ग्रहण की गई।

**प्रस्ताव सं.9. 7वें वेतन आयोग की सिफारिश इलाहाबाद संग्रहालय में लागू करने हेतु समिति के समक्ष अंगीकार किए जाने हेतु प्रस्ताव।**

7वें वेतन आयोग की सिफारिश इलाहाबाद संग्रहालय में लागू करने सम्बन्धी प्रस्ताव को समिति द्वारा अंगीकार किया गया।

**प्रस्ताव सं.10. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य प्रकरण।**

1. श्री राजेश पुरोहित, निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय की नियुक्ति भारतीय संग्रहालय, कोलकता के निदेशक पद पर तीन वर्ष तक की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की सूचना ग्रहण करना तथा उनकी अनुपस्थिति में संग्रहालय के निदेशक पद के प्रभार हेतु उचित निर्णय लिए जाने हेतु प्रस्ताव।

श्री राजेश पुरोहित, निदेशक, इलाहाबाद संग्रहालय की प्रतिनियुक्ति पर भारतीय संग्रहालय, कोलकता के निदेशक पद पर नियुक्ति की सूचना समिति द्वारा ग्रहण की गई तथा श्री पुरोहित द्वारा पिछले 6 वर्षों की उपलब्धियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

चूंकि कि श्री पुरोहित को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र के आलोक में अविलम्ब भारतीय संग्रहालय के निदेशक के पद का कार्यभार ग्रहण करना है, अतः समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि श्री पुरोहित को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए डा. सुनील गुप्ता, उप संग्रहपाल को इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक के पद का प्रभार हस्तांतरित किया जाय। डा. गुप्ता को इसी के साथ ही साथ निदेशक पद के समस्त कर्तव्यों के निर्वहन का दायित्व सौंपा गया।

रा. पुरोहित
( राजेश पुरोहित )
निदेशक
सदस्य–सचिव

31.8.2017
( राम नाईक )
माननीय श्री राज्यपाल, उ.प्र.
अध्यक्ष

Scanned by CamScanner